बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी0(R2R)–14 / 2023 2277 पटना, दिनांकः– 28/05/2024

आदेश

सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी(मु0), पश्चिम चम्पारण के पत्रांक 686 दिनांक 25.09.2023 द्वारा सुश्री श्रद्धा मिश्रा, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04554) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि निदेशालय आदेश संख्या 11362 दिनांक 02.12.2020 से पदस्थापन होने के पश्चात इनके द्वारा बंदोबस्त कार्यालय में अबतक योगदान नहीं किया गया है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1572 दिनांक 25.03.2024 द्वारा सुश्री मिश्रा से पदस्थापन के पश्चात् योगदान नहीं करने के विरूद्ध 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, जिसका प्रतिउत्तर इनके द्वारा 01 माह की लम्बी अवधि बीत जाने के बाद भी नहीं दिया गया है।

स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में बंदोबस्त कार्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया है। अवलोकनोपरांत पाता हूँ कि सुश्री मिश्रा द्वारा दिनांक 24.09.2020 को निदेशालय में योगदान समर्पित किया गया है, जिसके पश्चात् निदेशालय आदेश संख्या 11362 दिनांक 02.12.2020 द्वारा इनका पदस्थापन बंदोबस्त कार्यालय, प0चम्पारण(बेतिया) में किया गया है। प्राप्त प्रतिवेदनानुसार इनके द्वारा अपने पदस्थापित कार्यालय में योगदान ही नहीं किया गया है और न ही कभी निदेशालय अथवा पदस्थापित कार्यालय में कोई सूचना दी गयी है। लगभग 04 वर्षो से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के बावजूद भी नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए इन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है, फिर भी इनके द्वारा अपना पक्ष नहीं रखा जाना इनके मनमानेपन, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं आदेशोल्लंघन को स्वत परिलक्षित करता है।

अतः उपरोक्त के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली, 2022 के नियम 8(4) में वर्णित प्रावधान के तहत में सुश्री श्रद्धा मिश्रा, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04554) का संविदा नियोजन दिनांक 24.09.2020 से समाप्त किया जाता है।

28/05/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी0(R2R)–14 / 2023 2277 **पटना, दिनांक** :– 28/05/2024

प्रतिलिपि :– सुश्री श्रद्धा मिश्रा, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04554), बंदोबस्त कार्यालय, पश्चिम चम्पारण(बेतिया) को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी0(R2R)–14 / 2023 2277 **पटना, दिनांक** :– 28/05/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, पश्चिम चम्पारण(बेतिया) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी0(R2R)–14 / 2023 2277 पटना, दिनांक 28/05/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत इनकी व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप